एक नजर में

## गाय को बचाने में कार पलटी, अपर कलेक्टर समेत सात घायल



इंदौर . शहर में पदस्थ अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य रविवार सुबह परिवार के साथ दुर्घटना का शिकार हो गए . घटना गुना-शिवपुरी सीमा पर नेशनल हाईवे 46 पर अटलपुर के पास हुई, जब अचानक सड़क पर आई गाय को बचाने के प्रयास में उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई . हादसे में कार सवार सात लोग घायल हो गए . सभी को बदरवास के जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से आठ वर्षीय वेद को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर कर दिया है . बाकी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है . रिंकेश वैश्य मूल रूप से शिवपुरी जिले के बदरवास के निवासी हैं और राखी के अवसर पर अपने पैतृक घर आए थे . रविवार सुबह वे परिवार के साथ खोखर गांव में आयोजित कलश यात्रा में शामिल होने जा रहे थे . कार में उनके पिता हरीश चंद्र वैश्य, मां, पत्नी प्राची वैश्य, भाई दीपक, सारिका, 13 वर्षीय बच्ची फेरी और बेटा वेद सवार थे . अटलपुर के पास सामने अचानक गाय आ जाने से चालक ने स्टीयरिंग मोड़ने की कोशिश की, जिससे वाहन पलट गया .

## जुआ प्रकरण दबाने का आरोप, देपालपुर के 5 पुलिसकर्मी निलंबित

इंदौर . देपालपुर क्षेत्र में जुआ पकड़ने के बाद कथित रूप से मामला दबाने और नियमानुसार कार्रवाई न करने के आरोप में पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है . पुलिस ने 25 जुलाई को ग्राम बनेडिया और मुंडला गांव के खेतों में जुआ खेलते लोगों पर पुलिस ने दबिश दी थी . इस दौरान नगदी जब्त होने के बावजूद आरोप है कि आगे की कार्रवाई नहीं की गई . सूत्रों ने बताया कि मामले की शिकायत सीधे एसपी देहात यंगचेन भुटिया तक पहुंची, जिसके बाद उनके निर्देश पर देपालपुर थाने के प्रधान आरक्षक कन्हैयालाल और आरक्षक सुनील, रवि, देवेंद्र व सोनू को निलंबित कर मामले में जांच शुरु की .

## घर से निकली मूकबधिर नाबालिग लापता



इंदौर . हीरानगर थाना क्षेत्र से पांच दिन पहले लापता हुई मूकबधिर नाबालिग का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है . 9 वीं कक्षा की छात्रा आनंद विहार होस्टल, अरबिंदो अस्पताल के पीछे रहकर पढ़ाई कर रही थी . 4 अगस्त की शाम करीब 5 बजे वह घर से बिना बताए निकली और तब से लापता है . परिजनों ने रिश्तेदारों व संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली . घटना की रिपोर्ट 5 अगस्त को हीरानगर थाने में दर्ज होने के बाद पुलिस विभिन्न इलाकों में सर्च ऑपरेशन चला रही है. परिजन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि नाबालिग के बारे में कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, वहीं पुलिस की भी अलग अलग टीमें बालिका की तलाश में जुई हुई है .

## वैक्सिंग को लेकर पार्लर में हंगामा

इंदौर . एरोड्रम थाना क्षेत्र में स्थित एक ब्यूटी पार्लर में वैक्सिंग के दौरान हुए मामूली विवाद ने हंगामे का रूप ले लिया . आरोप है कि एक महिला ग्राहक को जलन होने पर बात बढ़ गई और बाद में वह अपने पति को साथ लेकर पार्लर पहुंची, जहां दोनों ने पार्लर संचालिका को गालियां दीं और थप्पड़ मार दिया . कृष्ण बाग कॉलोनी निवासी टीशा गौड़ ने रिपोर्ट में बताया कि सुबह करीब 6 बजे तनु मुंदड़ा वैक्सिंग कराने के लिए उनके शिक्षक नगर स्थित 'कृतिका ब्यूटी पार्लर' आई थीं . वैक्सिंग कराने के बाद तनु ने जलन की शिकायत करते हुए झगड़ा किया और चली गई . थोड़ी देर बाद वह अपने पति आशीष मूंदड़ा के साथ लौट आई . दोनों ने आते ही अभद्र भाषा में गालियां दीं और तनु ने उनके गाल पर थप्पड़ मार दिया. एरोड्रम पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

## गांधीनगर में पुरानी रंजिश पर भिड़े दो गुट

इंदौर . गांधीनगर थाना क्षेत्र में देर रात पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच जमकर कहासुनी और हाथापाई हो गई . दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया . पुलिस ने दोनों की शिकायतों पर क्रॉस-केस दर्ज किए हैं .

पहले मामले में नैनोद मल्टी निवासी सागर सोनोने ने रिपोर्ट में बताया कि रात करीब 11.20 बजे शुभम चौहान ने उनसे पुराने विवाद को लेकर मां-बहन की गालियां दीं और थप्पड़ मार दिया . बीच-बचाव करने आए विनायक और सुमित के साथ भी शुभम ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी . दूसरी ओर, पंचशील नगर निवासी शुभम चौहान ने उसी समय हुई घटना में सागर सोनोने और उनके साथियों विनायक डोंगरे व अन्य पर गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया . गांधीनगर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

## होलकर विज्ञान कॉलेज में अनोखे अंदाज में मना रक्षाबंधन

इंदौर . होलकर विज्ञान महाविद्यालय में रक्षाबंधन का पर्व इस बार विशेष पहल के साथ मनाया . महाविद्यालय प्रशासन ने सभी नियमित व विजिटिंग फैकल्टी, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को त्योहार की खुशी साझा करने के लिए 250 रुपए की सम्मान राशि प्रदान की . इसके साथ ही स्टाफ और उपस्थित लोगों को मिठाई भी वितरित की गई .

उक्त जानकारी देते हुए जनभागीदारी अध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल ने बताया कि महाविद्यालय प्रशासन ने सभी नियमित एवं विजिटिंग फैकल्टी, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को रक्षाबंधन के अवसर पर 250 रुपए की सम्मान राशि प्रदान की, साथ ही, अन्य स्टाफ और उपस्थित लोगों को मिठाई वितरित कर त्योहार की खुशियां साझा की गई . कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और सौहार्द का माहौल रहा . सभी ने संकल्प लिया कि यह पर्व हर वर्ष हर्षोल्लास और भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रूप में मनाया जाएगा . इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ . नागेश डगांवकर, डॉ . संजय व्यास, डॉ . प्रदीप शर्मा, डॉ . अंगूर वाला सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे . यह मध्य प्रदेश में पहली बार है जब किसी महाविद्यालय ने कर्मचारियों को रक्षाबंधन मनाने के लिए सम्मान राशि और मिठाई देकर यह अनूठी पहल की है .

## बजरंग दल ने दिलाई राष्ट्र एकता की शपथ

देपालपुर . विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा 15 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया . इस अवसर पर नगर के




सरस्वती स्कूल परिसर में भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ . कार्यक्रम में सांवेर जिला सहसंयोजक जस्सू चौधरी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अखंड भारत के निर्माण हेतु संकल्प दिलाया . उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक एकता और अखंडता को बनाए रखना प्रत्येक राष्ट्रभक्त का कर्तव्य है . इस अवसर पर बजरंग दल के निखिल चौधरी, मनीष जोशी, आकाश बाथम, राज बाथम, अंकित ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे . सभी ने राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए अखंड भारत के स्वप्न को साकार करने का संकल्प लिया .

# शहर में एक ही दिन में दो हत्या

- अवैध संबंध में युवक को उतारा मौत के घाट
- फैक्ट्री कर्मी की सिर कुचलकर ली जान
- एक मामले में पुलिस ने पांच घंटे में आरोपी किए गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में अलग-अलग इलाकों में हुई दो हत्याओं ने शहर में सनसनी फैला दी. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में अवैध प्रेम संबंध के विवाद ने एक युवक की जान ले ली, वहीं चंदन नगर इलाके में फैक्ट्री कर्मी की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई. दोनों मामलों में पुलिस ने जांच तेज कर दी है, एक प्रकरण में महज पांच घंटे में चार आरोपी गिरफ्त में आ गए, जबकि दूसरे मामले में पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है.**

तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, ग्राम काठी जालौन, उ.प्र. निवासी संजय यादव की हत्या ग्राम मोरोद में की गई. जांच में सामने आया कि संजय, विवाहित महिला अर्चना से







पिछले 4-5 वर्षों से अवैध संबंध में था, जिससे अर्चना का पति से विवाद होता रहता था. इससे परेशान होकर अर्चना ने अपने पिता मुन्नालाल यादव, छोटे भाई रोहित यादव और भांजे शुभम उर्फ बाबू के साथ मिलकर संजय को रास्ते से हटाने की योजना बनाई. आरोपियों ने उसे सुनसान मैदान में बुलाकर डंडे और पत्थर से सिर व गुप्तांग पर वार कर मौत के घाट उतार दिया. सूचना मिलते ही पुलिस ने तकनीकी और मुखबिर तंत्र की मदद से पांच घंटे में ही अर्चना और मुन्नालाल को गिरफ्तार कर लिया, जबकि रोहित और शुभम को भी हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है.

### फैक्ट्री कर्मचारी का शव मिला



इधर, चंदन नगर थाना क्षेत्र के नावदा पंथ इलाके में शनिवार रात एक नमकीन फैक्ट्री कर्मचारी अर्जुन यादव उम्र 35 साल का शव उसकी फैक्ट्री से महज 100 मीटर दूर खुले मैदान में मिला . अर्जुन मूल रूप से ग्राम पिपलाई पुनासा का रहने वाला था और पिछले तीन साल से यहां काम कर रहा था . वह राखी बंधवाने के बाद लौटते समय साथी कर्मचारी को फोन कर गेट खोलने को कहकर आया था, लेकिन फैक्ट्री नहीं पहुंचा . रविवार सुबह उसकी खून से लथपथ लाश मिलने पर पुलिस जांच में जुटी . उसके सिर पर धारदार हथियार या भारी वस्तु से वार के निशान हैं . मौके से एक अज्ञात व्यक्ति की चप्पल मिली और मोबाइल फोन गायब था, जिससे आशंका है कि लूट के दौरान विरोध करने पर उसकी हत्या हुई . पुलिस हत्या, लूट और रंजिश सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं .

## निर्माणाधीन मकान में सीढ़ियों से गिरकर इंजीनियर की मौत

**इंदौर. भंवरकुआं क्षेत्र में शनिवार रात एक सिविल इंजीनियर की दर्दनाक मौत हो गई.** अभिनव नगर में रहने वाले 30 वर्षीय प्रदीप वाडेकर पिता किशोर वाडेकर शनिवार रात अपने निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल पर काम देखने पहुंचे थे. इसी दौरान सीढ़ियों पर पानी होने से उनका पैर फिसल गया और वे अंदर की ओर पानी की टंकी के ढक्कन पर सिर के बल गिर पड़े. गिरने की आवाज सुनकर उनका भाई मौके पर पहुंचा तो प्रदीप अचेत अवस्था में पड़े थे. उनके सिर में



गंभीर चोट आई थी. परिजन उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी है.

## घर में अकेले युवक ने फांसी लगाकर दी जान

नवभारत न्यूज

**इंदौर. तेजाजी नगर इलाके में एक 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के समय वह घर पर अकेला था. परिजन के लौटने पर मामले का खुलासा हुआ. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, मामले में पुलिस जांच कर रही है.**

18 वर्षीय मृतक की पहचान सचिन पिता रामलाल विश्वकर्मा के रूप में हुई. शनिवार दिन में वह दोस्तों के साथ घूम रहा था, लेकिन देर शाम से घर पर ही था. उसकी मां राखी बांधने चापड़ा गई हुई थी, जबकि बड़ा भाई मनीष, जो ठेकेदारी का काम करता है, किसी काम से बाहर गया था. रात में मनीष घर लौटा तो सचिन को फंदे पर लटका देखा और तुरंत आसपास के लोगों को बुलाया. उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. परिजनों ने पुलिस को बताया कि सचिन कई साल पहले पढ़ाई छोड़ चुका था और फिलहाल कोई काम नहीं कर रहा था. मोबाइल फोन की जांच में भी कोई खास सुराग नहीं मिला है. यह पता लगाया जा रहा है कि आखिरी बार उसने किससे बात की थी. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# रक्षाबंधन पर पुलिस ने लौटाई बहन की मुस्कान

- तीन घंटे में मोबाइल बरामद

नवभारत न्यूज

**इंदौर. रक्षाबंधन के मौके पर तिलक नगर पुलिस ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए एक महिला का गुम मोबाइल चंद घंटों में ढूंढकर लौटा दिया. हर्ष बालागरे निवासी एरोड्रम अपने मायके दीपक नगर में रक्षाबंधन मनाने आई थीं. इस दौरान उनका मोबाइल ऑटो रिक्शा में छूट गया.** घटना की सूचना मिलते ही थाना तिलक नगर के प्रधान आरक्षक अरविंद सिंह ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ऑटो चालक का पता लगाया और मात्र तीन घंटे में मोबाइल बरामद कर महिला को सौंप दिया. महिला ने पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि यह उनके लिए रक्षाबंधन का खास तोहफा है. वरिष्ठ




अधिकारियों ने त्योहार के दौरान शहर में कानून-व्यवस्था और सौहार्द बनाए रखने के साथ ही आमजन की मदद के लिए पुलिस को सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए थे, जिसके तहत यह सराहनीय कार्रवाई की गई.

# सोना लेकर फरार हुआ दलाल

- गुमशुदगी की आड़ में ठगी का शक

नवभारत न्यूज

**इंदौर. सराफा बाजार में तीन व्यापारियों से लाखों रुपए का सोना लेकर एक दलाल गायब हो गया. घटना के बाद जब व्यापारी उससे संपर्क नहीं कर पाए और उसके घर पहुंचे, तो पता चला कि उसी रात उसके परिवार ने एरोड्रम थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है. इससे आशंका गहराई कि मामला सुनियोजित धोखाधड़ी का हो सकता है.**

सराफा पुलिस ने व्यापारी अंशील पटोदी की शिकायत पर एरोड्रम थाना क्षेत्र में रहने वाले संदीप सोनी के खिलाफ 500 ग्राम



से अधिक सोने की ठगी का प्रकरण दर्ज किया है. फरियादी ने पुलिस को बताया कि 31 दिसंबर 2024 को संदीप सोनी तीन व्यापारियों की दुकान पर आया और पहले से पहचान व भरोसे का फायदा उठाकर उनसे शुद्ध सोना लिया. उसने कुछ देर में भुगतान करने का वादा किया, लेकिन रात तक पैसे नहीं दिए और फोन बंद कर लिया. अगले दिन व्यापारी उसके घर पहुंचे, तो परिजनों ने बताया कि उन्होंने उसी रात उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है. व्यापारियों ने जनवरी में पुलिस को शिकायत दी थी, जिसके बाद जांच चलती रही, लेकिन संदीप का कोई पता नहीं चला. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है, पुलिस अब यह जांच कर रही है कि संदीप वास्तव में लापता है या फिर गुमशुदगी की आड़ में ठगी को अंजाम दिया गया है.

# सोशल मीडिया पर पहचान छुपाकर दोस्ती, जबरन किया निकाह

## दुष्कर्म, धोखाधड़ी, धमकी और धर्म परिवर्तन कराने का प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**इंदौर. परदेशीपुरा पुलिस ने 23 वर्षीय युवती की शिकायत पर एक युवक और उसके परिवार सहित 13 लोगों के खिलाफ दुष्कर्म, धोखाधड़ी, धमकी और धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है. युवती का कहना है कि करीब तीन साल पहले सोशल मीडिया पर उसकी पहचान एक युवक से हुई, जिसने अपना नाम फाइटर राजपूत बताया. बातचीत का सिलसिला बढ़ा तो एक साल बाद उसने शादी की बात कही. खुद को राजपूत बताने पर उसने हामी भर दी, हालांकि परिवार इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं था.**

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 21 जून 2025 को आरोपी उसे तीन लाख रुपए और कुछ दस्तावेज लेकर अहमदाबाद ले गया. वहां दो दिन एक होटल में रखा और शादी से पहले ही शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद गुजराती भाषा में तैयार कुछ कागजात पर हस्ताक्षर कराए, जिन्हें वह समझ नहीं पाई. कुछ दिन बाद आरोपी ने उसे अपने दोस्त के कारखाने में ठहराने के बाद तीन अगस्त को नेशनल मिल चाल स्थित घर ले गया, जहां उसकी मां शामनाज फातिमा, पिता साकिर इकबाल, भाई नदीम, यासिर, सारिक, बहन शिवा और भाभी गुलसफा से मुलाकात हुई. उसी समय उसे पता चला कि आरोपी का असली नाम सोहिल खान है और वह दूसरे धर्म का है.

महिला ने पुलिस को यह भी बताया कि इसके बाद परिवार ने उस पर धर्म बदलकर निकाह करने का दबाव बनाया. साकिर इकबाल ने कलमा पढ़वाकर उसका नाम बदलकर सना फातिमा रख दिया और घर से बाहर निकलने से रोक दिया. 8 जुलाई को आरोपी के चाचा-चाची शौकत राजपूत, नजाकत राजपूत, गुलजार राजपूत और अन्य रिश्तेदारों की मौजूदगी में जबरन निकाह करा दिया.

### आरोपी पीड़िता से बोला यही काम है

पीड़िता का कहना है कि उसने आरोपी के मोबाइल में अन्य लड़कियों से बातचीत देखी . जब इसका कारण पूछा तो उसने कहा कि यही उसका काम है . इसके बाद उसने अपनी मां और भाई से संपर्क किया, जिन्होंने कुछ लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी . पीड़िता की शिकायत पर परदेशीपुरा पुलिस ने फाइटर राजपूत उर्फ सोहिल खान, साकिर इकबाल, शामनाज फातिमा, नदीम अख्तर, सहवर इकबाल, यासिर हयात, सारिक, शिवा जरिन, गुलसफा, शौकत राजपूत, गुलजार राजपूत, नजाकत राजपूत और एक मौलवी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

# कट मारने की बात पर सड़क पर हंगामा

- फॉर्च्यूनर चालक ने कार की चाबी छीनी और पीटा

नवभारत न्यूज

**इंदौर. विजयनगर थाना क्षेत्र के बॉम्बे चौराहा सिग्नल पर रात एक मामूली बात पर विवाद इतना बढ़ा कि फॉर्च्यूनर कार चालक ने सामने वाले वाहन चालक की चाबी छीन ली और थप्पड़ों से मारपीट कर दी. घटना के दौरान वहां अफरातफरी का माहौल बन गया.**

भोपाल निवासी प्रदीप यादव ने शिकायत में बताया कि रात करीब 9 बजकर 10 मिनट पर वह अपनी कार से बॉम्बे चौराहा सिग्नल पार कर रहे थे. इसी दौरान फॉर्च्यूनर नम्बर एमपी 09 एएल 0003 का चालक उनकी कार के पास आकर रुका, प्रदीप ने कांच खोलकर पूछा कि क्या हुआ, तो



उसने आरोप लगाया कि उन्होंने कट मारी है. इसी बात पर वह भड़क गया, कार की चाबी निकाल ली और थप्पड़ों से मारपीट की, जिससे प्रदीप के दोनों गालों पर चोट आई. विजयनगर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मारपीट और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# सिंगापुर टाउनशिप में एक ही रात दो घरों में सेंधमारी

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र के तलावली चांदा स्थित सिंगापुर टाउनशिप में एक ही रात दो घरों में चोरी की वारदात से सनसनी फैल गई. अज्ञात बदमाश दोनों मकानों के ताले तोड़कर लाखों के सोने-चांदी के जेवर, घड़ियां और नकदी लेकर फरार हो गए.**

शिकायतकर्ता शैलेन्द्र नामदेव ने पुलिस को बताया कि रात 7.45 से 9 बजे के बीच अज्ञात चोर उनके घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखे तीन सोने के मंगलसूत्र, एक सोने की चैन, दो जोड़ी कान के टॉप्स, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी 'कान बृजवाला', एक जेंट्स अंगूठी, चार लेडीज अंगूठियां, दो नाक के काटे, दो छोटे पेंडल, चांदी की आठ जोड़ी बिछिया, पांच जोड़ी पायल, छोटे बच्चों के चूड़े, एक टाइटन और एक फास्ट्रैक लेडीज घड़ी चोरी कर ले गए. इसी टाउनशिप में रहने वाले अशोक परवत गोस्वामी के घर में भी उसी दौरान चोरी हुई. अशोक के मुताबिक, वह अपने गांव गए थे और लौटने पर देखा कि घर का ताला टूटा है. बदमाश उनके घर से छोटे बच्चे की दो जोड़ी सोने की बाली, दो टाइटन घड़ियां और नगदी चुरा ले गए. लसूड़िया पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर, सीसीटीवी फुटेज खंगालने और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी

### अपार्टमेंट में सेंधमारी, ज्वेलरी और 45 हजार नकदी पार

इंदौर . सदर बाजार थाना क्षेत्र स्थित तिलकपथ रोड पर बने एक अपार्टमेंट में अज्ञात बदमाशों ने रात के समय सेंधमारी कर सोने के आभूषण और 45 हजार रुपए नगद चोरी कर लिए . घटना देर रात की है, जब बदमाश फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी से जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए . फ्लैट नंबर 102, श्रीनारायण अपार्टमेंट में रहने वाली रिचा शर्मा ने बताया कि घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था . सुबह लौटने पर ताला टूटा मिला और सामान बिखरा पड़ा था . चोरी गए आभूषणों की कीमत हजारों में बताई जा रही है . सूचना मिलने पर सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया . पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है .


ख़बर का असर — मामला वार्ड एक और दो के बीच स्थित नाले का

# नाले की सफाई होने से लोगों को मिली राहत

नवभारत न्यूज


**इंदौर. सीवरेज, दूषित पानी और किल्लत बढ़ते बिजली बिल, जर्जर सड़के, गंदे नाले, बंद पड़ी सरकारी योजनाएं जैसी जन समस्याओं का शहर में अंबार लगा हुआ है. इसको लेकर पिछले कई वर्षों से नवभारत ने प्राथमिकता से ख़बर प्रकाशित कर शासन-प्रशासन को अवगत कराया है जिसका असर भी देखा गया है.**

समस्याओं का ऐसा ही एक मामला वार्ड क्रमांक 2 में देखने को मिला था. जहां लोगों ने आप बीती सुनाई थी. मामला कुछ यूं था कि वार्ड क्रमांक एक और दो के बीच नाले का पानी आए दिन वार्ड क्रमांक दो की गली नंबर तीन में रहवासियों के घरों में घुस जाता है. यहां तक की सीवरेज लाइन के माध्यम से घर में नाले का पानी रिवर्स होता है. क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार हेल्पलाइन में शिकायत करने बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो रहा था. यह समस्यां पिछले कई वर्षों से बनी हुई थी. अधिकतर बरसात में यहां समस्या होती है. यह ख़बर एक अगस्त का नवभारत ने प्रकाशित कर जिम्मेदारों को मामले



से अवगत कराया गया था. इसके बाद क्षेत्रीय पार्षद फातिमा खान ने अपने वादे के मुताबिक इंजीनियर से बात की और दूसरे दिन ही नाले की सफाई और गहरीकरण का कार्य करवाया गया जिससे लोगों को राहत मिली.

### इनका कहना है ...



दूसरे दिन पार्षद अपनी टीम के साथ यहां आई और नाले की सफाई करवाई. यह भी बताया कि नाले का पानी घरो में न घुसे इसके लिए वहां इंजीनियर से बात कर निराकरण करवाएंगी.

**- मोहम्मद हनीफ**

आपने हमारी समस्या को सुना और ऊपर अधिकारियों तक हमारी बात पहुंचवाई . इसके लिए हम सभी आभारी है वरना लोग हेल्प लाईन पर शिकायत करते रहते हैं फिर भी कोई हल नहीं निकल पाता .



**- अकरम खान**

हम सभी अपने शहर को समस्यां मुक्त बना सकते हैं . बशर्ते अगर सभी अधिकारी कर्मचारी अपना कार्य इमानदारी से करें तो . नाले की सफाई होने से लोगों की बड़ी समस्या का हल हुआ है .



**- परवीन शेख**

### समस्या निराकरण हमारी प्राथमिकता

हमने नाले की सफाई तुरंत कार्रवाई है. नाले में कचरा न फेंकने के लिए दोनों वार्डों में एनजीओ के माध्यम से जागरूक अभियान भी चलाया जाएगा. इससे नाला ब्लॉकिंग की समस्या खत्म होगी. समस्या का निराकरण करना हमारी पहली प्राथमिकता है.

**- फातिमा खान पार्षद**